खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा लागू नई शिक्षा नीति के अंतर्गत जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों मैं व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 3175 विद्यार्थियों ने शिक्षा सत्र 2024 I25 मैं तथा विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 231 विद्यार्थियों ने शिक्षा सत्र 24-25 में 3406 विद्यार्थियों ने जैविक खेती प्रोजेक्ट विषय का चयन किया। जैविक खेती को गति प्रदान करने आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी मैं 1004 शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में 301 स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद 510 वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में 905 एवं शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में 105 तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में 350 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवार विकासखंड कटनी में 80 शासकीय आरके गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी विकासखंड ढीमरखेड़ा में 46 तथा शासकीय देव प्रभाकर शास्त्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुजी कला विकासखंड रीति में 105 छात्र-छात्राओं ने जैविक खेती एवं प्रोजेक्ट के लिए पंजीयन कराकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यार्थियों को जैविक खेती पाठ्यक्रम के आधार पर जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।

### छात्राओं ने मेहंदी रचाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**उमरियापान।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सम्पूर्ण जिले में जल संरक्षण हेतू विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्रामों में नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समितियां और सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं और परामर्शदाताओं के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संगोष्ठी, चौपाल, शपथ, जल संरचनाओं की साफ सफाई सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है। रविवार को उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाजकार्य पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने मेंहदी और पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया। छात्र आकाश सिंह, मनीष बर्मन, विपिन तिवारी,माखन लोधी,अंकित लोधी और छात्रा आकांक्षा मौर्य , रश्मि चौधरी,रीता सिंह,शालिनी विश्वकर्मा ने जल संरचनाओं से संबंधित पोस्टर बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। वहीं छात्र आकाश विश्वकर्मा,विपेंद्र नामदेव, छात्रा राखी दुबे, नीता विश्वकर्मा, प्रिया विश्वकर्मा, काजल विश्वकर्मा, आकृति मौर्य,अनुराधा मिश्रा ने हाथों में मेंहदी से जल संरक्षण से संबंधित स्लोगन रचाकर जल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया और जल संरचनाओं की साफ सफाई के लिए प्रेरित किया।

### खेल छात्रवृति हेतु आवेदन 31 मई तक

**कटनी।** खेल छात्रवृति अधिकृत राज्या स्तषरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को दी जाती है। इसमें वरीयता राज्यई स्तनरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को दी जायेगी। खेल वृत्ति का उद्देश्य राज्ये स्तेरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। खेलवृति हेतु खिलाड़ी की आयु 1 अप्रैल 2025 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खिलाड़ी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक की विगत वर्ष के 01 अप्रैल से 31 मार्च अर्थात एक वित्ती्य वर्ष में प्राप्त खेल उपलब्धियों की गणना की जायेगी। खेल छात्रवृति हेतु खिलाडी अपना आवेदन भरकर कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग में 31 मई तक जमा करा सकते है।

कटनी जंक्शन के बाहर बने मंदिर के सामने दीवार खड़ी होने का मामला

## मंदिर के सामने दीवार बनाई, तोड़ने पहुंचे प्रदर्शनकारियों की हो गई कुटाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन (कटनी जंक्शन) के बाहर बने मंदिर की दीवार को तोड़ने के दौरान बवाल मच गया। परिस्थिति को बिगड़ता देख पुलिस बल ने लाठी चार्ज कर भीड़ को तितर बितर किया। प्रदर्शन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ एलर्ट मोड पर थी। सुबह से ही स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। दरअसल रेलवे स्टेशन कटनी जंक्शन के बाहर मंदिर बना है जहां पर भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी विराजमान हैं। इस मंदिर के सामने 8 साल पहले रेलवे प्रशासन द्वारा दीवार खड़ी कर दी गई थी। तभी से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, हिंदू संगठन के लोग दीवार हटाने की गुजारिश रेलवे प्रशासन, जिला प्रशासन से करते आ रहे हैं। 2 साल से आंदोलन चल रहा है, लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। दो माह पहले भी जिला प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द दीवार हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर मंदिर के सामने बनाई गई दीवार को हटाने के लिए विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को संयुक्त रूप विरोध प्रदर्शन करने की सूचना जिला प्रशासन को दी थी। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने 23 मई तक मंदिर के सामने से दीवार हटा लेने के लिए चेतावनी दी गई थी। सुनवाई न होने पर रविवार को बड़ी तादाद में कार्यकर्ता पहुंचे और नारेबाजी करते हुए सीधे मंदिर पहुंचे और मंदिर में माथा टेककर हथोड़ा, सब्बल सहित अन्य हथियार से मंदिर के सामने बनी दीवार को तोड़ने लगे। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह लगातार दीवार को तोड़ रहे थे। इसके बाद पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। इस लाठी चार्ज में कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। इस दौरान एसडीएम को भी चोट लगी है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक दीवार नहीं हटेगी तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

## किसानों को अब तक हुआ 263 करोड़ रूपये का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 1 लाख39 हजार 381 मीट्रिक टन रिकॉर्ड गेहूँ समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है। जबकि बीते साल इसी अवधि में 1 लाख 18 हजार 35 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया था। इस प्रकार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में पिछले साल की तुलना में 118 फीसदी से अधिक गेहूँ की खरीदी हुई है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों को किसानों के भुगतान कार्य में तेजी लाने और उपार्जित गेहूँ का तत्काल परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा उपार्जित गेहूँ का किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने की जा रही निरंतर समीक्षा की वजह से अब तक 262.67 करोड़ रूपये का किसानों को भुगतान किया जा चुका है। शेष लंबित राशि का भी भुगतान किसानों को जल्दी ही सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर श्री यादव ने दिए हैं। कलेक्टर ने समिति स्तरीय और गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों में लंबित गेहूँ के परिवहन कार्य में तेजी लाने अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिले में इस वर्ष 2425 रूपये प्रति क्विंटल और 175 रूपये बोनस राशि को मिलाकर किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल के मान से गेहूँ की खरीदी की गई। जबकि पिछले साल 2400 रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन किया गया था।

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी रहा। यहां इस वर्ष 5115 कृषकों से 34 हजार 523 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर रहा। जहां 4767 किसानों से 28 हजार 787 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की विजयराघवगढ़ तहसील रही। जहां 2884 किसानों ने 20 हजार 699 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की। इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर रहा। जहां 2002 किसानों ने 15 हजार 14 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर रहा। जहां के 1819 किसानों ने 11 हजार 148 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की। वहीं कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर संयुक्त रूप से छठवें स्थान पर रहा। जहां 1500 किसानों ने 10 हजार 792 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की।

उमरियापान के समीप पकरिया माइनर नहर का मामला

## नियमों को ताक पर रखकर निजी स्कूल प्रबधंन ने नहर के ऊपर बिछवा दी गिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

पकरिया से बिछिया जाने वाली नर्मदा माइनर नहर के ऊपर निजी स्कूल प्रबंधन ने नियमों को ताक पर रखकर सड़क के ऊपर गिट्टी बिछा दी। स्कूल प्रबंधन ने अधिकारियों एवं तथाकथित नेताओं से मिलीभगत कर सड़क का निर्माण कराया। सड़क निर्माण से नर्मदा माइनर नहर का स्वरूप खराब हो गया है। ऐसे में यहाँ कभी दुर्घटनाएं हो सकती है। निजी स्कूल ने पहले तो माईनर नहर के ऊपर से बड़े बड़े पत्थर डालें और फिर मुरम बिछाकर सड़क का निर्माण कराया। अब सड़क के ऊपर गिट्टी बिछाकर दी। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि सड़क निजी उपयोग के लिए नहीं है



लेकिन स्कूल ने न सिर्फ नहर की सरकारी जमीन पर कब्जा जमाया बल्कि स्कूल के वाहनों को दौड़ना भी शुरू कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों की बिल्डिंग खड़ा करने वाला यह संस्थान खुद के लिए सड़क का निर्माण नहीं करा सका और सांठगांठ कर चोरी छिपे नहर के ऊपर से सड़क बना डाली। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर लेनदेन का आरोप लगाया। वहीं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को ध्यानाकर्षण कराते स्कूल प्रबंधन और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

जानकारी के मुताबिक उमरियापान के समीप बिछिया माइनर नहर के ऊपर स्कूल प्रबंधन ने गलत तरीके से सड़क का निर्माण ठेकेदार के माध्यम से कराया। इस पूरे मामले पर अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। जिन्होंने निजी स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ कर स्कूल को सड़क बनाने की अनुमति दे दी। ग्रामीणों का आरोप है कि निजी संस्थान को लाभ पहुँचाने की मंशा से अधिकारियों ने संस्थान के लोगों से सांठगांठ सड़क निर्माण करवा दिया। मुख्य अभियंता को इसकी जानकारी भी नहीं दिया।

### इनका कहना है

इस संबंध में कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास, संभाग क्रमांक 4 सिहोरा अनिल तिवारी का कहना है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा पक्का निर्माण कराया गया तो जेसीबी चलवाकर सड़क की खुदाई करा दी जाएगी।

### आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार स्थापित करने किया प्रेरित



जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों मैं व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 3175 विद्यार्थियों ने शिक्षा सत्र 2024 I25 मैं तथा विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 231 विद्यार्थियों ने शिक्षा सत्र 24-25 में 3406 विद्यार्थियों ने जैविक खेती प्रोजेक्ट विषय का चयन किया। जैविक खेती को गति प्रदान करने आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है।

## आंगनबाड़ी के बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी मिलेगा रेडी-टू-ईट पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आंगनबाड़ियों में ग्रीष्मिकालीन अवकाश 1 जून से 15 जून तक रहने के दौरान भी यहां के बच्चोंर को रेडी-टू-ईट पूरक पोषण आहार मिलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री नयन सिंह ने जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को यह व्ययवस्थान सुनिश्चित करने पूरक पोषण आहार प्रदायकर्ता स्वि-सहायता समूहों को 26 मई तक अनिवार्य रूप से प्रदाय आदेश दिए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंसने कहा है कि सभी समूह सभी आवश्ययक व्यरवस्थानओं की पूर्व तैयारी करते



हुए 31 मई को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्धारित रेसिपी के अनुसार रेडी-टू-ईट फूड पूरक पोषण आहार की उपलब्धलता एवं वितरण सुनिश्चित कर लें। ताकि पूरक पोषण आहार वितरण की निरंतरता बनी रहे।

संबंधितों को रेडी-टू-ईट फूड का भुगतान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी के सत्यांपन उपरांत पोषण ट्रैकर एप से जनरेट माह जून के देयकों से निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किया जायेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सिंह ने परियोजना के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 जून से 15 जून की अवधि में स्थाकनीय स्तेर पर स्वि- सहायता समूहों की बैठक कर उन्हें। प्रशिक्षित कर 15 दिवस का नियमानुसार प्रस्तायवित मीनू व रेसिपी के अनुसार पूरक पोषण आहार का वितरण कराया जाकर संपूर्ण रिकार्ड संधारित किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पोषण ट्रैकर एप में पोषण आहार के लाभार्थियों की प्रविष्टि भी अनिवार्य रूप से कराने की हिदायत दी है।

कभी भी बदल जाता है मौसम, तेज बारिश होने का इंतजार

## धूप को कभी बादल, कहीं बूंदाबांदी से उमस भरी गर्मी कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बीते एक पखवाड़े से मौसम का मिजाज समझ से परे नजर आ रहा है। कभी दिन में तेज धूप झुलसा रही है तो कहीं तेज हवाएं और बादलों की वजह से बूंदाबांदी हो रही है। मौसम किस समय कौन सी करवट ले लेगा कुछ समझ ही नहीं आ रहा है। हालांकि चिलचिलाती धूप के बीच आसमान में छाए बादलों से राहत मिलती है लेकिन उमस बरकरार रहती है। बादल से धूप का असर कम रहा। रात्रि के तापमान में मामूली गिरावट की वजह से लोगों को कुछ राहत भी मिली। कभी सुबह से तो कभी दोपहर बाद आसमान में हल्के बादल छा जाते हैं। धूल भरी



हवाओं के कारण आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के बाद से ही मौसम बदला हुआ है। बादल छाए रहने की वजह से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से दिन का और रात के तापमान ऊपर नीचे हो रहा है।

मौसम जब साफ रहता है तो धूप चुभती है लेकिन बादलों ने गर्मी से लोगों को राहत दी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी और बारिश होने की संभावना जताई गई है। बादल छाए रहने की वजह से भीषण गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिली है। आगामी कुछ दिन इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना विभाग ने व्यक्त की है।

गर्मियों के मौसम में बैशाख व जेठ माह में मौसम साफ रहने के चलते तेज धूप से लोगों की हालत पतली हो जाती है। बेहाल करने वाली उमस भरी गर्मी से राहत पानी के लिए नागरिक शरबत, फलों का जूस, छाछ, लस्सी, गन्ने का जूस व नींबू पानी का उपयोग कर रहे हैं। उमस भरी गर्मी के साथ बिजली कट के चलते गांवों में अधिक परेशानी है। जिले ग्रामीण अंचलों में बिजली की समस्या अधिक है। विद्युत विभाग के अपने तर्क है मसलन ग्रामीण बिजली बिल का भुगतान नहीं करते। वहीं बिजली नहीं होने से ग्रामीण गर्मी से हलाकान होते हैं।

कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने की कार्यवाही

## प्रतिष्ठित कंपनी के नाम पर बेचा जा रहा था नकली मसाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डुप्लीकेट एवं मिलावटी सामग्री का जिले में कारोबार सालों से चल रहा है। प्रशासनिक एवं पुलिसिया कार्यवाही कई बार यह उजागर हो चुका है। नामी कंपनियों के नाम पर घटिया सामग्री बेची जा रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। माधवनगर पुलिस ने एक प्रतिष्ठित मसाला कंपनी के नाम पर नकली मसाला बेचने वाले पर कार्यवाही की गई है।

जानकारी के अनुसार नामी कंपनी के एआई की ओर से थाना माधव नगर को सूचना मिली कि उनकी कंपनी के ट्रेडमार्क और पैकेजिंग की नकल कर नकली मसाले बेचे जा रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो



सकता है। इस पर मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने आरोपी दिनेश शिवलानी (33 वर्ष) पिता अशोक निवासी खैबर लाइन थाना माधव नगर जिला कटनी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 120 नकली मसाले के पैकेट (चिकन और मटन मसाले) और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार आवेदक धर्मेन्द्र सिंह निवासी टिकरिया टोला थाना कोतवाली सतना के द्वारा लिखित आवेदन नकली मसाला बेचने के संबंध में प्रस्तुत करने पर आवेदन की जाँच पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अनावेदक दिनेश शिवलानी को पकड़ा गया जिसकी मोटरसाइकिल के पीछे बन्धे कार्टून मे एवरेस्ट कम्पनी के 07 ग्राम के चिकन मसाला के पाँच पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 60 पाऊच) एवं मटन मसाला के 07 ग्राम के आठ पैकेट (प्रत्येक पैकेट मे 60 पाऊच ) मिले। मसाला पैकेट मिलने पर मसाला के संबंध में विस्तृत पूछताछ करने पर उक्त पैकेट नकली पाए गए। आरोपी के अवैध अधिपत्य से उक्त नकली मसालो के पैकेटो को जप्त किया गया। आरोपित दिनेश शिवलानी द्वारा प्रथम दृष्ट्या अपराध धारा 348, 349, 272 बी.एन.एस 63 कापीराईट एक्ट का घटित करना पाया गया। आरोपित को विस्तृत पूछताछ हेतु थाना लाया गया। आरोपी के विरूध्द उपरोक्त धारा का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपित ने पूछताछ में बताया है कि वह यह माल जबलपुर के रहने वाले घमापुर निवासी विक्की उर्फ महेश जेठानी से खरीदता था। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति की तलाश की गई तो वह दस्तयाब नहीं हुआ है।

विक्रेता के द्वारा चिकिन मसाला व मटन मसाला को बिना तर्क और कापीराईट पंजीकरण प्रमाण पत्र के ही हूबहू एवरेस्ट ब्राण्ड के नाम से विक्रय पूरे माधवनगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कर रहा है तथा उपभोक्ताओ को भ्रमित कर निम्न कोटि के घटिया मसाले का इस्तेमाल करने हेतु घटित उत्पादो का विक्रय कर रहा है, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बना हुआ है साथ ही आवेदक के ब्राण्ड की छवि को धूमिल कर रहा है।



## सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार की घटना स्थल पर ही हुई मौत हो गई। हादसा रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेहकरी में रविवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे हुआ। जानकारी अनुसार 65 वर्षीय बुजुर्ग हमेशा की तरह अपना इलाज करवाने वाहन क्रमांक एमपी 21 एच.एन 2534 से ग्राम भरतपुर जा रहे था। इसी दौरान सुबह लगभग 9.30 बजे ग्राम टेहकारी के पास कटनी केलवरा, मुहास रोड तके अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी । हादसे में बुजुर्ग की घटना पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया तथा शव परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

## खबर संक्षेप

### सालों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** बड़वारा एवं रीठी पुलिस ने दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कियास है। बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए रहे अभियान के तहत पिछले 9 वर्षों से फरार वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बड़वारा उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में वर्ष 2016 से फरार स्थाई वारंटी बाबू लाल कोल पिता राधेलाल कोल 32 साल निवासी नंहवारा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल, सहायक उप निरीक्षक महेश प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक लालजी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी तरह रीठी थाना की सलैया चौकी पुलिस ने वर्ष 2020 से फरार स्थाई वारंटी लखनलाल चक्रवर्ती पिता विश्राम चक्रवर्ती निवासी बड़गांव को गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी सलैया विनोद पांडे ने बताया कि उक्त फरार वारंटी की तलाश लंबे समय से की जा रही थी, लेकिन वह लगातार पुलिस को चकमा देकर भागता फिर रहा था। आरोपी को पकड़ने के बाद न्यायालय पेश किया गया।

### उपनगरीय क्षेत्रों में फागिंग मशीन से किया गया धुआं

**कटनी।** नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गों की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही नागरिकों को ग्रीष्म काल में मच्छरों से निजात दिलाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर फागिंग अभियान प्रारंभ किया जाकर रोजाना विभिन्न वार्डों में धुआं करने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ अधिकारी नगर निगम संजय सोनी ने बताया कि नगर में संचारी रोग के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे फागिंग अभियान के तहत विगत रात्रि फागिंग मशीन के माध्यम से उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य रहवासी गलियों में मच्छरों की रोकथाम हेतु रासायनिक धुंआ का छिड़काव कराया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु अपने घरों के आसपास पर्याप्त साफ सफाई रखने के साथ ही पानी का भराव न होने देने संबंधी जानकारी प्रदान कर बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है।

### गंदगी फैलाने वाले 16 लोगों पर 3200 रुपये जुर्माना

**कटनी।** नगर निगम द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के चलते अब गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्वाई की जा रही है। जिसके तहत शनिवार को सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलाने वाले 16 लोगों पर जुर्माना करते हुए 3 हजार 200 रुपए का फाइन किया जाकर निगम कोष में जमा कराया गया। निगम प्रशासन द्वारा लगातार लोगों से अपने घरों और आसपास की सफाई रखने, कचरा कहीं पर भी नहीं फेंकने और गंदगी नहीं फैलाने की अपील लगातार की जा रही है। इसके बाद भी देखने में आ रहा है कि लोगों द्वारा इधर-उधर कचरा फेंककर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी की जा रही है। जबकि एक दिन पूर्व ही शुक्रवार को 6 लोगों पर 1500 रुपए जुर्माना कर गंदगी नहीं फैलाने की हिदायत की गई थी, वही शनिवार को भी गंदगी फैलाने वाले और कचरा इधर-उधर फेंकने पर जोन क्रमांक 3 के 7 लोगों पर कुल 1400 रुपए तथा जोन क्रमांक 4 के 9 लोगों पर 1800 रुपए कुल 3200 रुपए का जुर्माना लगाया गया। निगम प्रशासन द्वारा अब तक कुल 5 हजार 700 रुपए के जुर्माने की कार्यवाही गंदगी फैलाने वाले लोगो पर की जा चुकी है। आयुक्त नीलेश दुबे ने नागरिकों से अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखने तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डस्टबिन का कचरा डालने का आग्रह करते हुए कहा है कि नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में आम नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बिना नागरिकों के सहयोग के नगर को साफ ओर सुंदर नहीं रखा जा सकता। आपने वार्डो में कहीं पर भी कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश निगम के सफाई दरोगाओं को दिए हैं।

## पन्नी कालोनी में बीते माह हुई हत्या के मामले में पुलिस को मिली सफलता

# ठिकाना बदल बदल कर फरारी काट रहा था हत्या का आरोपी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



कुठला थाना अंतर्गत पन्नी कालोनी में बीते माह एक युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के मामले का मुख्य आरोपी अन्नू कोल घटना के बाद से ही फरार हो गया था जबकि सह आरोपी अनिल कोल को चन्द घण्टों में ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था जो अभी भी जेल में है।

गौरतलब है कि 28 अप्रेल को सूचनाकर्ता शिवप्रसाद कोल निवासी पन्नी कालोनी द्वारा सूचना दी गई कि 27 के रात करीबन साढ़े दस बजे 10:30 बजे पड़ोस का रहने वाला अन्नू कोल उसके घर आया और प्रदीप उर्फ बिट्टू को बुलाया तो बिट्टू अन्नू के साथ घर से निकला देर रात तक प्रदीप उर्फ बिट्टू घर नहीं आया। सुबह जानकारी मिली कि बेटे बिट्टू उर्फ प्रदीप की लाश अन्नू के घर के अन्दर कमरे मे पड़ी है उसके मुंह एवं सिर में चोटों के निशान है। बिट्टू उर्फ प्रदीप कोल को अन्नू कोल ने घर से बुलाकर ले जाकर जान से मारकर हत्या कर दिया है तथा लाश को घसीटकर ले जाकर अपने घर के कमरे के अन्दर छिपाकर रख दिया है।

कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र द्वारा हत्या का अपराध दर्ज कर कार्यवाही करते हुये अपनी टीम के साथ संदहियों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान संदेही अनिल कोल पिता लक्ष्मी कोल 27 वर्ष निवासी पन्नी कालोनी ने बताया कि उसने अपने छोटे भाई अन्नू के कहने पर मृतक के शव को रोड़ से उठाकर घर पर छिपाकर रखा था। घटना का सहआरोपी अनिल कोल पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुका है, जो जेल में निरुद्ध है। घटना का मुख्य आरोपी अन्नू कोल पिता लक्ष्मी प्रसाद कोल निवासी पन्नी कालोनी घटना दिनांक से फरार था।

फरार आरोपी अन्नू कोल घटना के बाद से ही फरार हो गया जिसका मोबाइल भी लगातार बन्द था जिसकी पता रसी के लिए परम्परागत एवं आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए उसे तलाशने कल्याण मुम्बई महाराष्ट्र राज्य भी पुलिस को भेजी गई किन्तु आरोपी वहाँ से भी ठिकाना बदल लिया। आरोपी अपने परिजनों / मित्रों किसी से सम्पर्क नही कर रहा था ऐसी स्थिति में उसे पकड़ना और बड़ी चुनौती हो गई। वरिष्ठ अधिकारियोंके मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्र और उनकी टीम लगातार प्रयासरत रही। 24-25 मई की दरम्यानी रात ही बड़वारा थाना क्षेत्र के भदौरा ग्राम के एक निर्माणाधीन मकान से पकड़ने में सफलता अर्जित की गई है। आरोपित अन्नू कोल ने पूछताछ पर बताया कि मृतक द्वारा अश्लील गाली बक देने के कारण पत्थर पटककर मृतक बिट्टू उर्फ प्रदीप कोल की हत्या कर दिया और लाश को ठिकाने लगाने (जमीन में गाड़ने) के लिये रात्रि में ही तीन लोगों से फाबड़ा गैती मांगा किन्तु न मिलने पर मुड़वारा रेल्वे स्टेशन जाकर एक ट्रैने में बैठकर रातों रात ही भाग निकला और कल्याण महाराष्ट्र पहुँच गया, वहाँ से लौटकर जबलपुर, सिहोरा बाद बड़वारा क्षेत्र में मजदूरी कर पैसा कमाकर लम्बे समय तक बाहर जाने की योजना बना रहा था। आरोपी अन्नू कोल पिता लक्ष्मी प्रसाद कोल 25 साल निवासी पन्नी कालोनी थाना कुठला के 2 अपराध, थाना कुठला में पंजीबद्ध है। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में एसआई विनोद सिंह, एएसआई श्याम नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव, सुनील पाण्डेय, राहुल मिश्रा, नन्दकिशोर अहिरवार, विद्यानन्द मिश्रा, प्रशान्त विश्वकर्मा (सायबर सेल), आरक्षक सतेन्द्र सिंह, की भूमिका रही।



## चाकू से हमला कर फरार चल रहा आरोपित पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

चाकू से हमला करने के मामले में पफरार चल रहे एक आरोपित को निवार चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी साहिल उर्फ अली खान पिता अब्दुल नवाब खान 22 साल नि. निवार पहाड़ी के विरूध्द थाना माधवनगर में पूर्व में (1) अप.क्र.-107/25 धारा-25 आमर्स एक्ट (2)अप.क्र.224/25 धारा-296,115(2),351(2),3(5) बीएनएस ,(3)अप. क्र.317/25 धारा-296,115(2),351(2) बीएनएस कायम किया जाकर आरोपी के विरूध्द न्यायालय प्रकरण पेश किया जा चुका है। दिनांक 14/04/25 को प्रार्थी मनीराम बर्मन पिता स्व.पांडूराम बर्मन 50 साल नि. निवार पहाड़ी उपस्थित आकर रिपोर्ट कराया कि आरोपी साहिल उर्फ अली खान पिता अब्दुल नवाब खान 22 साल नि. निवार पहाड़ी व्दारा शराब पीने के लिए पैसे मांगने की बात पर से पैसे ना देने पर गाली देकर ,चाकू से मारकर चोट पहुँचाने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना माधवनागर चौकी निवार में (4) अप. क्र.348/25 धारा-296,118(1),119(1),351(2) बीएनएस का कायम किया गया जो आरोपी साहिल उर्फ अली खान पिता अब्दुल नवाब खान उम्र-22 साल नि. निवार पहाड़ी का दिनांक घटना से फरार था जिसे आज दिनांक 25/05/25 को मुखबिर की सूचना पर दस्तयाब कर न्यायालय कटनी पेश किया गया। कार्यवाही में चौकी प्रभारी नेहा मौर्या, सउनि रमाकांत दुबे, प्र.आर. गौरव सेन, आर अरबिन्द कुशवाहा, आर.549 वकील यादव की भूमिका रही।

*कुठला थाना की बिलहरी चौकी पुलिस ने की कार्यवाही*

## पुलिस की पकड़ में आया बदमाश, झाड़ियों में छिपा रखी थी चोरी की बाइक, बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



बाइक चोरी करने वाले एक बदमाश को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश ने बाइक चुराने के बाद नदी किनारे झाड़ियों में छुपा रखी थी। पुलिस ने आरोपी के बताए स्थान से बाइक बरामद करते हुए उसके खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया।

बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने बताया कि कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा सभी थाना प्रभारियों को चोरी के अपराधों का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाइयां की जा रही हैं। इसी क्रम में संतोष कुमार बर्मन पिता किशोर बर्मन उम्र 48 वर्ष निवासी नायक मोहल्ला बिलहरी थाना कुठला ने 23 मई 25 को रिपोर्ट दर्ज कराई की 22 मई 25 की दरमियानी रात घर के सामने रखी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 zc 1798 कीमती 80000 रुपए की कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। चौकी प्रभारी बिलहरी उपनिरीक्षक सुयश पाण्डेय के निर्देशन में विवेचना के दौरान एक व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वृंदावन बर्मन पिता उत्तम चंद्र बर्मन उम्र 34 साल निवासी ग्राम घिनौची चौकी बिलहरी थाना कुठला का बताया। सख़्ती से पूछताछ करने पर उक्त मोटरसाइकिल को चोरी कर संगम नदी के झाड़ियों में छुपा देना उसने स्वीकार किया। उक्त मोटरसाइकिल आज 24 मई 2025 को आरोपी वृंदावन से जप्त की गई।

कार्रवाई में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय, सउनि दामोदर राव, प्रधान आरक्षक व्यास गुप्ता, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, आरक्षक लव कुमार उपाध्याय, आरक्षक दिलकेश्वर सिंह, आरक्षक विकास कुमार, आरक्षक सौरभ जैन की सराहनीय भूमिका रही।

## मन की बात में पीएम ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। जिले की चारों विधानसभा में हजारों लोगों ने मन की बात को सुना। पीएम मोदी ने कहा आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है कि हमें आतंकवाद को खत्म करना है ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है... उन्होंने कहा हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी की ताकत। उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्निशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है।

**नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर, एसपी, निगमायुक्त को लिखा शिकायती पत्र**

## अंजुमन स्कूल में चल रही प्रदर्शनी की अनुमति निरस्त करने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

अंजुमन इस्लामिया स्कूल में चल रहे प्रदर्शनी, मनोरंजन मेला लगाने की अनुमति को निरस्त कर कार्यवाही की मांग नेता प्रतिपक्ष रागिनी गुप्ता ने की है। रागिनी गुप्ता ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार कटनी नगर, आयुक्त नगर पालिक निगम, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, यातायात थाना प्रभारी को पत्र लिखकर कार्यवाही करने की मांग की है। पत्र में उल्लेखित किया गया है कि जिला चिकित्सालय कटनी में विभिन्न स्थानों से मरीज एम्बुलेंस इत्यादि वाहनों से इमरजेंसी में इलाज हेतु आते हैं साथ ही नजदीक ही मुड़वारा स्टेशन भी स्थित है। जिला चिकित्सालय के ठीक सामने अंजुमन स्कूल में अवैध रूप से मनोरंजन मेला लगाने की अवैधानिक अनुमति प्रदान कर दी गई है जो कि पूर्णतः नियम विरुद्ध है। अवैध रूप से लगाए गए मनोरंजन मेला से अस्पताल और मुड़वारा स्टेशन के मुख्य मार्ग पर निरंतर जाम होने से मरीजों और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और यातायात विभाग, पुलिस प्रशासन व नगर निगम प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है जिससे कभी भी किसी मरीज के साथ अनहोनी हो सकती है।

नियमानुसार किसी शैक्षणिक संस्थान में कोई मनोरंजन मेला लगाने, वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर रोक लगाई गई है उसके बाद भी प्रशासन द्वारा मेला लगाने की अनुमति प्रदान करना समझ से परे है यदि कोई अनहोनी घटित होती है तो उसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने पत्र लिखकर मांग की है कि तत्काल शैक्षणिक संस्थान अंजुमन स्कूल में लगे मनोरंजन मेला को बंद कराते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन पर रोक लगाने और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें।

*27 मई से कार्यवाही करने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश*

## अवैध होर्डिंग को हटाने निगमायुक्त ने 17 सदस्यीय विशेष दल का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



मप्र आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 एवं सम्पत्ति विरूपण नियम 3 के तहत नगरीय सीमांतर्गत शासकीय निजी भूमि एवं सम्पत्तियों में लगे अनाधिकृत पोस्टर बैनर होर्डिंग फ्लैक्स अपराध की श्रेणी में आने के कारण उन्हें बलपूर्वक हटाने एवं जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जाना है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने इस संबंध में एक आदेश जारी कर नगरीय सीमांतर्गत लगे अनधिकृत होर्डिंग्स को 27 मई से प्रतिदिन प्रातः से प्रचलित नियमों के परिपेक्ष्य में हटने की कार्यवाही सुनिश्चित करने विशेष दल का गठन किया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक एवं प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के तहत नगर की अनाधिकृत होर्डिंग्स को हटाने संबंधी संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जबकि अश्विनी पांडे योगेश पवार विनोद सिंह बाबूलाल रजक एवं सनीश रजक को अनाधिकृत होर्डिंग चिन्हित कर सूचीबद्ध करते हुए गठित दल के साथ होर्डिंग हटवाने की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

इसके अतिरिक्त प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल और उपयंत्री संजय मिश्रा एवं जे.पी.सिंह बघेल को स्थल पर उपस्थित रहकर होर्डिंग हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए है। निगमायुक्त श्री दुबे ने कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी को अतिक्रम दस्ते के साथ उपस्थित रहने जेसीबी वाहन एवं ट्रैक्टर ट्रॉली उपलब कराने के साथ ही वेल्डिंग मशीन कटर सहित मौके पर

उपस्थित रहकर होर्डिंग पर कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

पूर्व में भी दी जा चुकी सूचना

उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि भवन एवं नगर निगम स्वामित्व की भूमि-भवन पर तथा अन्य स्थानों पर बिना अनुमति के स्थापित विज्ञापन फलक को 03 दिवस के अंदर स्वतः अलग करने हेतु समय-समय पर आम सूचना द्वारा सूचित किया गया है। परन्तु संबंधितों द्वारा बिना अनुमति के लगाई गई होर्डिंगों को नहीं हटाया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में नगर निगम द्वारा स्वयं ही विशेष दल के माध्यम से अनधिकृत होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में आने वाले संपूर्ण व्यय की क्षतिपूर्ति भूमि, भवन स्वामी से वसूल की जावेगी।

## नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास

# समूह की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर परखी जा रही है पेयजल की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी




नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शासन के निर्देशानुसार दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के अंतर्गत गठित तीन स्वसहायता समूहों क्रमशः नारी शक्ति, वंशिका और आर्यों स्वसहायता समूह की 30 महिलाओं को अमृत मित्र के रूप में चयनित कर, उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर घर-घर पेयजल की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है।

### ननि का प्रेरणादायक उदाहरण

नगर निगम महापौर श्रीमती प्रीति सूरी और आयुक्त नीलेश दुबे के नेतृत्व में यह अभियान नगर में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है, जो जनस्वास्थ्य और जनसहभागिता के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

### डोर टू डोर पहुंचकर कर रहीं जल परीक्षण

नोडल अधिकारी अमृत 2.0 अश्विनी पाण्डेर ने बताया कि नगरीय क्षेत्र के सभी 45 वार्डों में चयनित स्वसहायता समूहों को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पानी की जांच करने का कार्य सौंपा गया है। इन समूहों की सदस्याएं प्रत्येक घर में जाकर पेयजल के नमूने एकत्र कर वहीं पर त्वरित परीक्षण कर रही हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद जल प्राप्त हो रहा है। समूह की महिलाओं द्वारा अभी तक कुल 1123 टेस्ट किए जा चुके है।

### इन तत्वों का हो रहा परीक्षण

परीक्षण के दौरान जल के पीएच स्तर, क्लोरीन की मात्रा, आयरन, नाइट्रेट, फ्लोराइड, आर्सेनिक आदि तत्वों की जांच की जा रही है। यह कार्य पूरी पारदर्शिता एवं वैज्ञानिक विधियों के अनुरूप किया जा रहा है।

### प्रयोगशाला से भी कराया जा रहा जल परीक्षण

फील्ड परीक्षण के अतिरिक्त, प्रत्येक वार्ड से कुछ चयनित घरों के जल नमूनों को प्रयोगशाला (लैब) में भेजकर उनकी गहराई से जांच की जा रही है ताकि किसी प्रकार की चूक की संभावना को समाप्त किया जा सके। इससे सुनिश्चित होगा कि नागरिकों को न केवल त्वरित परिणाम मिलें, बल्कि लंबे समय तक गुणवत्ता की निगरानी भी संभव हो सके।

### इन अधिकारियों का सहयोग

इस पूरी प्रक्रिया में उपयंत्री जलप्रदाय श्री मृदुल श्रीवास्तव, सिटी मैनेजर यश रजक की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, जो तकनीकी और प्रबंधन सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण कदम

नगर निगम कटनी का यह प्रयास न केवल पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, बल्कि यह स्वसहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में सशक्त भी कर रहा है। इस पहल से नागरिकों में पेयजल की गुणवत्ता के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।

### बाल पुरस्कार के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर गत एक अप्रैल से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकेंगे। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

### कपिल गुप्ता, पुनीत सेन, राजू आदिवासी, अजय सेन, मुकेश बैरागी ने रक्तदान कर चार लोगों को दिया नया जीवनदान

**पन्ना।** जिला अस्पताल में भर्ती मरीज चांदनी सेन पति पुनीत सेन निवासी पन्ना चौकी अजयगढ़, किरण आदिवासी पति राजू आदिवासी निवासी दहलान चौकी पन्ना , कापसी बाई पति बुद्ध सिंह यादव उम्र 21 वर्ष निवासी ककरहती तीनों मरीज गर्भवती महिलाएं थीं। जिनको खून की जरूरत थी। खून की तलाश में परिवारजन भटक रहे थे। तभी उनके परिजनों द्वारा दूरभाष के माध्यम से जानकारी समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी को दी गई। समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने गर्भवती महिला चांदनी के पति पुनीत सेन को रक्तदान के संबंध में समझाइस दी जिन्होंने आज पहली बार स्वेच्छा से खून दान किया है। इसी तरह किरण आदिवासी के पति राजू आदिवासी को समझाइस दी गई। जिसके बाद राजू आदिवासी द्वारा पहली बार स्वेच्छा से खूनदान किया गया है। कापसी बाई यादव पति बुद्धिंह यादव निवासी ककरहती जिनके दो जुड़वा बेटियां हुई थी। जिनको खून की कमी बताई गई थी। जिनका खून बी नेगेटिव होने के कारण उनके घर परिवार में किसी भी सदस्य का खून मिलान नहीं हो रहा था। ब्लड बैंक में खून उपलब्ध नहीं था। जिसको लेकर समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी द्वारा सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित किया गया साथ ही बी नेगेटिव ग्रुप के खून दाताओं से संपर्क किया गया। पन्ना शहर के अकाउंटेंट कपिल गुप्ता को जैसे ही जानकारी प्राप्त हुई वह बिना कोई बिलंब किये जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने आज 11वीं बार स्वेच्छा से खून दान करने का पुनीत कार्य किया है। अजय सेन द्वारा अपनी बहिन चांदनी सेन को पहली बार खून दान किया गया है। इसके साथ ही मुकेश बैरागी द्वारा कैंसर पीड़ति मरीज श्रीमती सुमन पाठक पति राम अवतार पाठक निवासी सुनवानी को आज तीसरी बार स्वेच्छा से खूनदान किया गया है। रक्तदान के पुनीत कार्य में समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी लैब टेक्नीशियन रामनाथ ओमरे,दिलीप सिंह, विक्रम सिंह यादव राजीव मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

### पवई मे निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे बच्चे

**पन्ना।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर मे बच्चे शामिल होकर अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने पसीना बहा रहे हैं शिविर के माध्यम से बच्चों को कई खेलकूद की बरीकियाँ सीखने मिल रही है खेलकूद शिविर को लेकर बच्चों मे काफी उत्साह है और खुशी खुशी शिविर में भाग लेकर खेलकूद सीख रहै है। जिला युवा कल्याण विभाग से सत्यम पाठक शिवम बाल्मिक खेल प्रतियोगिता सीखा रहै है।

समय से पीने का पानी नही मिलने पर बजरिया वार्ड नंबर 5 के निवासी पहुंचे थे कलेक्टर बंगला

# पानी के मोल को पहचाने, यदि पानी मिल रहा है तो व्यर्थ ना बहने दें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह जिले के नागरिकों से आग्रह किया है, खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में जहाँ पर नगरपालिका के नल कनेक्शन के माध्यम से पानी मिलता है और ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ जल निगम के माध्यम से पानी मिलता है। पानी के मोल को पहचाने यदि पानी मिल रहा है तो व्यर्थ ना बहने दें। श्री कोचर ने सभी से आग्रह किया कि अपने-अपने घरों के पास नलों में लोग टोंटी लगवाये और टोटी लगाकर पानी का उपयोग करते हैं तो पानी की बचत होगी। यह बहुत बड़ा योगदान देश और समाज के लिए होगा । क्योंकि हम जल बचाएंगे और अपना कल बचाएंगे, आईये हम सब मिलकर के अपने-अपने घरों के नल कनेक्शन को एक बार देखें और यदि टोंटी नहीं लगी हो तो टोंटी जरूर लगवाए । उन्होंने कहा इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है एक अभियान चलाया जाए जिसमें कहे की पानी बचाओ, टोंटी लगाओ। उन्होंने सभी पार्षदों, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, सरपंचों और सभी पंचों से कहा अपने-अपने क्षेत्र में चेक करवाएँ कि नलों में टोटियाँ लगी हुई हों, इसके लिए सरकारी धन खर्च करने की आवश्यकता नहीं है, 25-30 रूपये की टोंटी आती है, तो प्रत्येक व्यक्ति इतना तो खर्च कर सकता है कि वह अपने नल के आगे टोंटी लगा दे। ज्ञातव्य है कलेक्टर श्री कोचर के निवास पर काफी बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं और पार्षद पहुंचे थे और उनकी एक ही समस्या थी कि बजरिया वार्ड नंबर 5 में समय से पीने का पानी नही मिल रहा है, जब वार्डवासियों से बात की और ध्यान से उनकी समस्या को सुना तो एक बड़ी समस्या निकल करके आई कि कई वार्डवासी पानी व्यर्थ बहा रहे हैं और पानी के व्यर्थ बहने के कारण दूसरों को पानी नहीं मिल पा रहा हैं, जिस पानी की उनको जरूरत हैं। लोगों ने अपने घर के नलों में टोंटिया नहीं लगाई हैं और टोंटिया नहीं लगने से पानी व्यर्थ बहता रहता है और नालियों में चला जाता है, जिनको जरूरत होती है उनको पानी नहीं मिल पाता । उन्होंने कहा सब जानते हैं कि पर्यावरण की स्थिति क्या है, जल की स्थिति क्या है, किस तरह का जल संकट पूरे देश पूरे विश्व में है और यदि ऐसा ही हाल रहा तो हम पानी की बूंद-बूंद के लिए किसी दिन तरस जाएंगे।

## स्वास्थ्य शिविर में 197 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार



दमोह

एसबीआई फाउंडेशन और पहल जन सहयोग विकास संस्थान के सहयोग से ग्राम पंचायत तिपनी तहसील तेंदूखेड़ा में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रीति जागरूकता फैलाना था। शिविर में डॉक्टरों ने 197 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया और उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया इसके अतिरिक्त 72 लोगों का पैथोलॉजिकल परीक्षण भी किया गया जिससे उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार सुनिश्चित किया जा सके शिविर में डॉ एस. एन. गुप्ता और डॉ प्रज्ञा अवस्थी ने अपनी सेवाएं प्रदान की जिनके समर्पण और मेहनत ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। एसबीआई संजीवनी की टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसमें मनीष खरे प्रोग्राम कॉर्डिनेटर, लखन पटेल फार्मासिस्ट, लक्ष्मी दहायत नर्स मेंटर, गोविन्द सिंह लैब टेक्नीशियन, संजय बर्मन उपस्थित रहे।

## नेहरू पार्क में किया श्रमदान



**दमोह।** गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा का 48 वां सप्ताह के अंतर्गत नेहरू पार्क में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, नेहरु पार्क समिति सदस्यगण, विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वंयसेवी संस्थाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। उक्त श्रमदान कार्य पिछले 47 सप्ताह से जारी हैं। आज यह श्रमदान की श्रंखला का 48 वा सप्ताह था। श्रमदान कार्य सामज सेवियों, स्वयं सेवियों, जनप्रतिनिधियों, आमजन के सहयोग से चलाया जा रहा हैं।

# पुण्य श्लोका अहिल्याबाई की जयंती पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

महान वीरांगना पुण्य श्लोका महारानी अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वीं जयंती के पुनीत अवसर भाजपा द्वारा 10 दिवसीय कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिला भाजपा के द्वारा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में पवित्र धार्मिक स्थल बड़ी देवी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि देवी अहिल्याबाई के जीवन से बहनों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, पुण्यश्लोकी देवी अहिल्याबाई ने परिवार समाज और स्वयं से बढ़कर देश को माना और संकट के समय दृढ़ता के साथ दुश्मनों के सामने डटी रही और देश के लिए सब कुछ न्योछावर कर देने वाली इस वीरांगना के जीवन से देश की सभी बहनों को बहुत कुछ सीखने की प्रेरणा मिल सकती है, देवी अहिल्याबाई ने अपने साम्राज्य को न सिर्फ संभाला बल्कि दुश्मनों से टक्कर लेकर देश के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी रही।

दस दिवसीय कार्यक्रम के संयोजक महामंत्री गोपाल पटेल,कार्यक्रम की सह संयोजक महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन,स्वच्छता अभियान प्रभारी महामंत्री सतीश तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला पंचायत प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला मंत्री वर्षा रैकवार जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेन्द्र जैन, रिंकू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, दीपक मिश्रा, जुगल अग्रवाल, विक्रम सिंह, सिकंदर ख़रारे, संगीता सतीश जैन सहित अनेक कार्यकता सम्मिलित हुए।

### युवा मोर्चा ने मैराथन की आयोजित

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जन्म शताब्दी वर्ष के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, इसी श्रृंखला में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने मैराथन दौड़ का आयोजन स्टेडियम में किया। मैराथन दौड़ में अतिथि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, सहित महिलाओं, युवाओं और समाजसेवियों ने अपने हाथ में तिरंगा लेकर मैराथन दौड़ का कार्यक्रम आयोजित किया।

इस अवसर पर युवा मोर्चा रिंकू गोस्वामी, दीपक मिश्रा,कार्यक्रम प्रभारी महेन्द्र राठौर, नगर मंडल अध्यक्ष राजुल चौरहा स्वप्निल प्यासी, कृष्णा पटेल, गौरव सिरोठिया सहित प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा

**दमोह।** सड़क पर चलते समय और वाहन चलाते समय उन नियमों और सावधानियों का पालन करना है जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके । यातायात के नियमों के प्रति सभी समर्पित हो सड़क सुरक्षा को सभी गंभीरता ले।


इसी प्रयास में आज शाम 4 किले वाली माता से लेकर कृष्ण मंदिर तक निस्वार्थ गौ सेवा समिति नरसिंहगढ़ के तत्वाधान में जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें आप सभी गौ भक्तों की उपस्थिति रही। उन्होंने सभी चालकों से यातायात के नियमों का पालन करने कॉल निवेदन किया गया ।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में किंग स्टार इलैवन ने राजस्व इलेवन को दी मात फाइनल का खिताब जीता

### पन्ना विधायक नगर परिषद अध्यक्ष हुए शामिल

**अजयगढ़।** नगर में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच राजस्व इलैवन व किंग स्टार इलेवन के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमे राजस्व ने पहले बेटिंग करते हुए एसडीएम आलोक मार्को की 33 रन की तेज तर्रार पारी की बदौलत 12 ओवर में 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग स्टार इलैवन ओपनर ने तेज शुरुआत करते है सुनील राठौर ने 20 गेंदों में 43 रन की पारी खेली बाकी का काम आने बाले बल्लेबाजों द्वारा कर लक्ष्य 8 गेंद शेष रहते पा लिया ओर नाइट टूर्नामेंट का खिताब हासिल कर लिया। मेन ऑफ दा सीरीज व मैच सुनील को दिया गया जबकि बेस्ट बल्लेबाज का खिताब एसडीएम आलोक मार्को को मिला जबकि वेस्ट गेंदबाज का खिताब सदर पटवारी निखिल गौतम को दिया गया। फाइनल मैच में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता हनुमंत प्रताप सिंह (रजऊ राजा) मंडल अध्यक्ष सुरेश याद पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा पार्षद अजय मिश्रा, नारायणदास रजक प्रतिनिधि मोहम्मद आज़ाद जिला जनपद सदस्य दिनेश भुर्जी व संतोष यादब, संजय सुल्लेरे ,संजय गुप्ता, बीएमओ सुनील अहिरवार एपीओ अमित यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियो सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में पन्ना विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुंदर ग्राउंड है ग्रीन घास नोजल लगाने का प्रयास करे नगर परिषद अध्यक्ष जिससे हमारा ग्राउंग हराभरा बने इसमे बड़ा खर्च नही है ग्राउंड में पानी लगता है नोजल इसप्रिंकल टाइप का काम रहता है में चाहता है इस ग्राउंड ने नई नई प्रतिभाएं खेल कर निकले जो अजयगढ सहित जिले का नाम रोशन करे आईपीएल की तर्ज पर पन्ना में खेल प्रारम्भ हुआ है और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ रहा है जिस तरह अजयगढ का होनहार खिलाड़ी आईपीएल तक पहुंचा है ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बच्चे भी नेशनल तक पहुंचे।

## जब-जब धरती पर धर्म की हानि होगी, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होंगे: आचार्य ललितजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के समीप सुनार मैया के तट पर बसी ग्राम पांजी में खेरमाता हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे धार्मिक आयोजन श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं ब्रह्मवैवर्त पुराण में कथा व्यास पं.आचार्य श्री माधवेश ललित जी महाराज जी(चित्रकूट धाम) ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म व उनकी लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कथा व्यास ने आगे बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा।सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। भगवान श्रीकृष्ण गोकुल में नित्य ही माखन चोरी लीला करते हैं। मां यशोदा के बार-बार समझाने पर भी श्रीकृष्ण नहीं मानते हैं तो मां यशोदा ने भगवान को रस्सी से बांधना चाहा पर भगवान को कौन बांध सकता है, लेकिन भगवान मां की दयनीय दशा को देखते हुए स्वयं बंध जाते हैं। इसलिए भगवान को न धन, पद व प्रतिष्ठा से नहीं बांध सकता भगवान तो प्रेम से बंध जाते हैं।

## 10वीं और 12वीं में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर

### क्लासेज को अटेंड करने का काम सभी छात्र प्रारंभ करे -कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा एक नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें वार्षिक परीक्षा साल में दो बार होगी। दमोह जिले के 10 वीं और 12 वीं में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है कि वह जून में होने वाली परीक्षा में भाग लें और अपने अंको में सुधार करके उत्तीर्ण हो जाए । श्री कोचर ने कहा अभी तक सम्पूर्ण दमोह जिले में लगभग 11 हजार के आसपास विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए थे इसमें से 70% से अधिक विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन करा लिया है और अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए क्लासेज भी शुरू करा दी गई है। उन्होंने शेष बचे विद्यार्थी से कहा है वह भी जल्दी से जल्दी अपना पंजीयन करा लें और अपना साल बर्बाद होने से बचाएं। विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए रेडी मटेरियल दे रहे हैं, यदि अच्छे से पढ़ लेंगे तो उत्तीर्ण होने की संभावना प्रबल हो जायेगी। सारे टीचर्स प्रयासरत हैं और विद्यार्थियों के साथ मेहनत करने के लिए तैयार हैं ।जिन विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वह रजिस्ट्रेशन करा लें और रेगुलर क्लासेज अटेंड करें, यदि क्लासेज अटेंड नहीं करेंगे तो कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं होगे । उन्होंने कहा क्लासेज को अटेंड करने का काम सभी छात्र प्रारंभ करे, इससे ना केवल जिले का रिजल्ट सुधरेगा बल्कि आपका साल भी बर्बाद होने से बचेगा।

# देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर देवेन्द्रनगर में हुआ कार्यक्रम





**पन्ना।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर के संयुक्त तत्वाधान में पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर शनिवार को देवेन्द्रनगर में विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संस्कृत महाविद्यालय में संपन्न हुए कार्यक्रम में लोकमाता अहिल्या बाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। विधायक ने दीप प्रज्ज्वलन कर एवं देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। लोकमाता ने सुशासन की अलख जगाई। न्यायप्रियता, करूणा, दूरदर्शिता और लोक कल्याण की भावना उनके शासन के मूल में थी। उन्होंने शासन को सेवा का माध्यम बनाकर सत्ता को साधना का स्वरूप दिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि नारी शक्ति जब धर्म, नीति एवं सेवा से जुड़ती है तो वह समाज की दिशा और दशा बदल सकती है। कार्यक्रम में विधायक का प्रशस्ति पत्र और तुलसी का पौधा देकर सम्मान भी किया गया।

### अल्प प्रवास पर सुनवानी पहुंचे पशुपालन मंत्री

**पन्ना ।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध लखन पटेल शनिवार को दोपहर अल्प प्रवास पर ग्राम सुनवानी कला पहुंचे और यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा के एक कार्यक्रम में शामिल होकर पथरिया के लिए रवाना हुए। राज्य मंत्री श्री पटेल ने राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित हो रहे रजत जयंती महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा में भी सहभागिता की। मंदिर में दर्शन उपरांत भक्तजनों से भेंट कर प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम में राज्य मंत्री के आगमन पर आत्मीय स्वागत भी किया गया।

## अज्ञात हमले से घायल पुरुष ने इलाज के बाद कराया मामला दर्ज



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम ढुरोंहा में 21 मई की देर रात एक अज्ञात आरोपी द्वारा एक सोते हुए युवक पर उस वक्त हमला किया। जब वह अपने घर के सामने चैन की नींद सो रहा था और आरोपी हमला करते ही घटना स्थल से रफू चक्कर हो गया। घायल अवस्था में राजू राव पिता ठाकुर प्रसाद उम्र 40 वर्ष को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस वक्त देर रात प्राथमिक इलाज के लिए लाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे कटनी रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान जब डॉक्टर ने उसे स्वस्थ कर दिया तब इलाज के बाद फरियादी 25 मई 2025 को अमानगंज पुलिस थाना पहुंचकर घटना की जानकारी अमानगंज पुलिस थाना को दिया। घटना में अमानगंज पुलिस थाना ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज करते हुए फरियादी से कुछ महत्वपूर्ण संकाय भी जानी।

# खजुराहो सांसद बीडी शर्मा एवं प्रभारी मंत्री जिला पन्ना इंदर सिंह परमार के नाम संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**अमानगंज पन्ना।** डॉक्टर एमपी पांडेमध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के आजीवन सदस्य जिला प्रवक्ता एमपी पांडे ने बीते सप्ताह क्षेत्रीय सांसद बीडी शर्मा के गुनौर आगमन पर 11 सूत्रीय ज्ञापन सोपा तथा विनम्र अनुरोध किया है कि समग्र विकास से अपेक्षा का शिकार जिला पन्ना चारों तरफ जो लंबे अरसे से समग्र विकास की राह देखते देखते आम जनमानस थकान महसूस कर रहे है,

ऐसे पन्ना जिले की प्रथक– प्रथक जो तहसील मुख्यालयों अंतर्गत समग्र विकास की रूपरेखा निर्मित कराए जाने के साथ ही हर चौराहे पर कई हजार की संख्या में शिक्षित बेरोजगार युवा वर्ग को कुशल श्रमिक अथवा अर्ध कुशल अथवा अकुशल श्रेणी में रोजगार दिया जावे तथा प्रथक- प्रथक जो तहसील मुख्यालय के अंतर्गत तहसील मुख्यालय में 11-11 ग्राम सांसद आदर्श पंचायत का गठन तत्काल संधारित कराए जाने के साथ ही जीवन को राहत देवें। इसी सिलसिले में अमानगंज तहसील मुख्यालय में ग्राम गाडोखर, कमताना, पगरा, मकरंदगंज, घटारी, पिपरवाह, सलेहा तारा, झरकुंआ बिंदुवार प्रथक प्रथक सर्वेक्षण कराए जाने हेतु क्षेत्रीय पटवारी, पंचायत सचिव, तहसीलदार स्तर से पंच कमेटी बनाकर विधिवत आदेश जारी करावे किसान वर्ग एवं शासकीय कर्मचारियों के परम हितेषी उत्साही चिकित्सक डॉक्टर पांडे के अनुसार क्षेत्रीय विधायक क्रमांक 59 डॉ राजेश वर्मा को अगले मंत्रिमंडल विस्तार में समय सीमा 90 दिवस के भीतर राज्य मंत्री एवं वित्त मंत्रालय का पदभार सौंप डॉक्टर पांडे ने ज्वाला देवी प्रांगण में पूर्व प्रस्तुत विनय पत्र की प्रति अनुसार मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का ध्यान आकर्षण करते हुए कहां है कि बीते लंबे अरसे से मध्य प्रदेश के अंतर्गत 26 लाख संख्या के आसपास विभिन्न विभागों में स्वास्थ्य, आयुष आदि- आदि विभागों में लंबे अरसे से रिक्त पदों की पूर्ति कराए जाने हेतु कलेक्टर रेट स्तर से कुशल, अर्ध कुशल अथवा अकुशल श्रेणी विस्तार से अंक सूची का सत्यापन करने के साथ ही समय सीमा 90 दिवस के भीतर प्रत्येक विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति कराई जावे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायका, आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी आदि -आदि पदों को मध्य प्रदेश शासन के अधीन सेवा शर्तों का आधार मानकर उनकी विधिवत सेवा पुस्तिका, वेतनमान, ग्रेडपे, महंगाई भत्ता तत्काल प्रभाव से लागू कराया जाकर। मार्च-अप्रैल के वित्तीय बजट में कर्मचारियों का भुगतान कराया जा रहे हेतु प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति आदेश संधारित करावे। डॉक्टर पांडे के अनुसार विगत दिनों देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष जो आवेदन भेजा गया था प्रधानमंत्री कार्यालय के निजी सचिव विशेष सहायक समीर कुमार के हस्ताक्षर से जारी परिपत्र पांडे के निवास पर प्राप्त हुआ है 2018 में परंतु आज भी पीएम कार्यालय के निर्देश लंबित है जो चिंता का विषय है कुल मिलाकर समग्र आवेदन छायाप्रति संधारित कराकर क्षेत्र के पूर्व विधायक फुंदर चौधरी के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय वल्लभ भवन सचिवालय भोपाल की ओर फाइल भेजी गई है फुंदर चौधरी का आवेदन डॉ मोहन यादव के कार्यालय में प्रस्तुत हुआ मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष सचिव का कहना है कि इसी वित्तीय वर्ष में जनहित योजनाएं क्रियान्वित कराए जाने हेतु मध्य प्रदेश शासन दृढ़ संकल्प में कुल मिलाकर आयुष मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला पन्ना सहित जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र उर्फ डब्बू मिश्रा जिला पंचायत पन्ना अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित, जिला कलेक्टर, जिला सीओ सहित अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अशोक कुमार चतुर्वेदी, क्षेत्रीय अनुविभागीय दंडाधिकारी गुनौर रामनिवास चौधरी, सहित अमानगंज तहसीलदार आशुतोष मिश्रा, न्यायालय नायब तहसीलदार सुनवानी कला पुन्नूलाल सांड्या, आर आई लक्ष्मण सिंह, महेवा पटवारी राजेश सिंह, अमानगंज सदर पटवारी हरगोविंद शर्मा, गड़ोखर पटवारी अभिषेक पटेल सहित तमाम शासकीय अमला जनता जनार्दन के हितों का संरक्षण करने के साथ ही प्रथक-प्रथक जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। डॉक्टर पांडे ने जिला प्रशासन राज्य शासन एवं पंचायती राज प्रणाली की उत्तरोत्तर प्रगति पर हर्ष व्यक्त किया है।

**खबर संक्षेप**

## झोलाछाप डॉक्टरों पर नहीं हो रही कार्यवाही

**पथरिया।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी दमोह द्वारा विगत 15 अप्रैल से 15 मई तक जिलें में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए पर सोचने वाली बात है कि पथरिया क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन बिना डिग्रीधारकों डाक्टरों पर कार्यवाही नही हो पाई वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया सीबीएमओं द्वारा नगर के सभी डाक्टरों को नोटिस जारी किए गए कि सभी अपने अपने डिग्री व रजिस्ट्रेशन पंजीयन कार्यालय में जमा करें पर अभी तक जो नोटिस जारी हुए वह संबंधित डाक्टरों तक पहुंच नही पाई वजह बताई कि वह अपनी क्लीनिक नहीं खोल रहें हैं जिसके कारण नोटिस नही पहुंचे ना जानकारी आई कि कितने डाक्टरों के यहां नोटिस पहुंच गए जबकि सभी प्रमुख सड़क मार्ग पर अपनी अस्पताल खोलें बैठे हैं ऐसे में जिला प्रशासन के निर्देश का क्या औचित्य रहा वहीं जिन डाक्टरों के पास कोई डिग्री रजिस्ट्रेशन नहीं उन पर कार्यवाही इसलिए नही की जा रही है क्योंकि उनकी शिकायत दर्ज नही हुई इसलिए उन पर कार्यवाही नही हो पाई। नगर में होम्योपैथी आयुर्वेद चिकित्सक एलोपैथिक दवाएं कर रहे वह भी धड़ल्ले से ईसीजी मशीन चला रहें और अपने आपको स्पेशलिस्ट डॉक्टर बताकर इलाज कर रहे। जिला कलेक्टर से मांग है कि पथरिया क्षेत्र में ऐसे डाक्टरों पर कार्यवाही होना चाहिए वह भी बिना स्थानीय स्तर के अधिकारियों को सूचना दिए नही तो मोबाइल से जाने के पहले सूचना दी जाती है जिससे वह उतने समय शटर गिराकर गायब हो जातें और जैसे ही टीम गई फिर खोलकर इलाज करने लगते हैं। वही इस संबंध में सीबीएमओं डॉ जतिन दुबे का कहना है कि जहां जहां की शिकायत थी वहां गए लेकिन अस्पताल बंद मिली नोटिस जारी किए गए हैं।

## युवा संगम रोजगार मेला 27-28 मई को

**दमोह।** युवा संगम कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभ्य र्थियों को पंजीयन काउंटर पर अपना पंजीयन कराना आवश्यंक है। महिला एवं पुरुषों के लिए अलग अलग शैक्षणिक योगयता के आधार पर पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में पंजीयन काउंटर बनाए गए हैं सभी महिला एवं पुरुष अभ्य र्थी अपनी शैक्षणिक योग्योता के आधार पर पंजीयन काउंटर पर जाकर अपना रजिस्ट्रे शन कराकर टोकन प्राप्ती करना सुनिश्चित करें। बिना टोकन के आवेदक साक्षात्करर में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। प्राचार्य अभिषेक तिवारी ने बताया कि पंजीयन हेतु QR कोड जारी कर दिया गया है जिसे स्केन करके अभ्यर्थी अभी अपना पंजीयन करके असुविधा से बच सकता है।टोकन प्राप्ता होने उपरांत अभ्यपर्थी अपनी शैक्षणिक योग्याता के आधार पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के मुख्यम भवन के अंदर साक्षात्कार हेतु कंपनियों की बैठक व्यटवस्थार हेतु मैप का अवलोकन करें।

गुस्साए लोगों ने दमोह-छतरपुर हाईवे पर लगाया जाम, लिखित आश्वासन पर माने

# बेलगाम कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**परिवार हुआ बेसहारा: पांच बच्चों, पत्नि व बूढ़े माता पिता का पालन पोषण करने वाले की मृत्यु से अब शासन से मदद की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह छतरपुर हाईवे पर एक बार फिर रफ्तार के कहर के चलते कंटेनर की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया जिससे देर तक हाईवे पर वाहनों की कतार लगी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरी ग्राम पंचायत और मारा गांव के पास सड़क हादसा हुआ है। ककरा गांव निवासी एक युवक जब ड्यूटी के लिए सूबा इमलाई की ओर जा रहा था, तभी छतरपुर हाईवे पर उसकी बाइक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मंगल (नन्नू) अहिरवाल पिता लल्लू अहिरवाल निवासी ककरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मंगल (नन्नू) रोज की तरह अपनी ड्यूटी के लिए बाईक क्रमांक एमपी 34 Q 1319 से घर से निकला था, लेकिन हाईवे पर ट्रक की चपेट में आ गया। लोगों के बताए अनुसार सड़क पर ट्रक खड़ा हुआ था। जैसे ही ट्रक क्रॉस किया सामने से आ रहे आईसर कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई है, और लोग जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिजनों एवं ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे ट्रक हादसों पर रोक लगाई जाए और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा मिले। मौके पर पहुंचे दमोह एसडीएम पथरिया एसडीएम परिजनों ने ग्राम वासियों ने





एसडीएम से न्याय की मांग की। लगभग 9:30 से लेकर 12:30 तक दमोह छतरपुर हाईवे पर चक्का जाम रहा, गर्मी के समय में यात्रियों को भी बारिश परेशानी उठानी पड़ी। दमोह छतरपुर के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। परिवार वालों व ग्रामीणों ने मांग रखी कि मंगल अहिरवार लोडर ऑपरेटर कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। परिवार में मंगल ही थे जो कमा कर अपना परिवार चलाते थे जिसमें उनके पांच बच्चे व पत्नी रुक्मणी और माता-पिता कुल मिलाकर सात लोगों का पालन पोषण करने वाला व्यक्ति इस दुनिया से चला गया जिससे परिवार बेसहारा हो गया है। चका जाम तब खोला गया जब शर्तें मंजूर कर ली गई। एसडीम दमोह और पथरिया एसडीएम दोनों ने लिखित आश्वासन दिया है। परिवार का पालन पोषण और सहयोग उचित राशि और नौकरी की बात कही गई है। शासन से लिखित आवेदन जिसकी एक प्रति एसडीएम के पास व दूसरी परिजनों के पास है। आश्वासन के बाद जाम खत्म कर दिया गया। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी हाईवे पर ट्रक की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद सड़क सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ प्रभारी प्रसित कर्मी ने बताया ट्रक जप्त कर लिया गया है देहात थाना में खड़ा हुआ है।

# दो पिकअप में 16 भैंसें पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से पशु परिवहन करने वाले आरोपियो के विरूद्ध की जा रही लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने गत दिवस अलग अलग स्थानो से दो पिकअप मे 16 भैसे पकडी एवं आरोपियो के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा अवैध रूप से पशु परिवहन करने वालो पर अंकुश लगाने एवं इनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसमे अति. पुलिस अधीक्षक निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. मनीष कुमार द्वारा कोतवाली स्टाफ को लगातार मुखबिर तंत्र मजबूत कर अवैध पशुओ के परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। दि. 20.05.25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की कसाई मंडी मस्जिद की कुलिया के पास एक पिकअप में



मवेशी भैसवंश को क्रूरतापूर्वक ठूसकर भर ले जा रहे है जो कोतवाली पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही उक्त पिकअप वाहन को घेराबंदी कर 03 आरोपियो को पकडा आरोपियो के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी तारतम्य मे दि. 24.05.25 को एक पिकअप वाहन मे 06 नग भैसे क्रूरता पूर्वक ठूसकर परिवहन करते पाये जाने पर थाना कोतवाली मे 02 आरोपियो के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में आरोपी अल्ताफ पठान पिता रफीक पठान उम्र 27 साल निवासी बिलवारी मोहल्ला बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह, अनवर खान पिता कलाम खान उम्र 40 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 07 दमोह, रिजवान कुरैशी पिता जमील कुरैशी उम्र 31 साल नि. बजरिया वार्ड नं. 7 दमोह, एहसान कुरैशी पिता लुकमान कुरैशी उम्र 22 वर्ष न. चांदापुरा थाना भोगनीपुर जिला कानपुर उ.प्र., सदाब पिता सगीर कुरैशी निवासी कसाई मंडी बजरिया वार्ड नं. 01 दमोह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने वाहन पिकअप क्र. एमपी 39 जी 2658, 10 नग भैसवंश (पडा), वाहन पिक अप क्र. यूपी 77 एटी 6798, 6 नग भैस कुल कीमती - 09 लाख रूपये का मशरूका जब्त किया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. मनीष कुमार, उनि सियाराम सिंह, सउनि राकेश पाठक, सउनि आनंद कुमार, प्र.आर. अजीत दुबे, प्रआर डेलन सिह, प्र.आर. सूर्यकांत प्रआर हेमंत अवस्थी, प्रआर दीपक ठाकुर, आरक्षक रामकुमार, योगेन्द्र यादव, नरेन्द्र पटैरिया, शैलेन्द्र, रूपनारायण आर आकाश, सैनिक महफूज खान का सराहनीय सहयोग रहा।

# सिंग्रामपुर के सहसना हार में उड़द की फसल में आग,लाखों की फसल खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

सिंग्रामपुर चौकी के अंतर्गत सहसना हार में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात एक खेत में रखी उड़द की कटी फसल में आग लग गई, जिससे लाखों की फसल जलकर खाक हो गई। किसान राजकुमार मेहरा ने बताया कि उनका ढाई एकड़ में उड़द की फसल लगाई गई थी, जिसे पककर कटाई करवा कर खेत में एक जगह बोजे बांधकर थ्रेशिंग के लिए रख दिए गए थे। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। किसान ने पुलिस चौकी में सूचना दी है, जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। फसल जलकर



खाक होने से किसान को भारी नुकसान हुआ है। किसान की चिंता है कि अब उनकी फसल की गहाई नहीं हो पाएगी और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

29 मार्च को परिणाम घोषणा होने के बाद अस्थायी अंकसूची से चल रहा काम

# पांचवीं और आठवीं के पांच हजार छात्रों को दो माह से है अंकसूची का इंतजार

**हटा।** लगभग 10 साल बाद विगत वर्ष से राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली गई पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा के छात्रों को परीक्षा परिणाम घोषणा के दो माह बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा अंकसूची नहीं भेजे जाने के कारण हटा विकासखंड में लगभग पांच हजार से अधिक परीक्षार्थियों को उनके अंकसूची का इंतजार बना हुआ है। शिक्षा विभाग बाहर जाने वाले छात्रों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र के साथ अस्थायी अंकसूची देकर काम चलाया जा रहा है। विगत वर्ष से शुरू हुई केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली से पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा आहूत की गई थी जिसके परीक्षा परिणाम 29 मार्च को घोषित किया गया था। उस उक्त स्कूल के प्रधानपाठकों को उनके मोबाइल नंबर पर अस्थायी आनलाइन अंकसूची भेज दी गई। उक्त अंकसूची को ही प्रधानपाठकों के द्वारा बच्चों के अभिभावकों को उनके मोबाइल नंबर पर भेजा गया और अब तक दो माह के बाद भी छात्र छात्राओं को वाट्सअप से मिली अंकसूची से ही काम चलाना पड़ रहा है। इसमें कई ऐसी तकनीकी खामियां सामने आ रही है जिससे स्कूल के शिक्षक और प्रधानपाठक के साथ अभिभावक भी परेशानी झेल रहे हैं। कई अभिभावक हैं जिनका नाम अस्थायी अंकसूची में नहीं है वहीं बच्चों के नंबर में भी जमीन आसमान का अंतर है। इसे लेकर अभिभावक शिक्षा विभाग के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। बताया जाता है कि स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के द्वारा अब तक अंकसूची नहीं भेजी गई है। जिसकी वजह से छात्रों को अंकसूची कब उपलब्ध होगी यह कहना अभी भी मुश्किल हो रहा है। जब इस संबंध में बीआरसी एमएल अहिरवार से बात की तो उनका कहना था कि स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल से अब तक पांचवी आठवी की अंकसूची नहीं मिली है लेकिन विभाग के द्वारा आनलाइन अंकसूची दी गई है। स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेने वाले छात्रों को प्रमाणित कर अंकसूची दी जा रही है।

फ्रेंड्स ऑफ़ वूमेन वर्ल्ड बैंक के सहयोग से समृद्ध महिला स्व सहायता समूह...

# उड़द एवं मूंग की खेती कर कमा रहे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगपुर

समृद्ध महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित सिंगपुर के तत्वाधान में फ्रेंड्स ऑफ वूमेन वर्ल्ड बैंकिंग के सीनियर ब्रांच मैनेजर श्री हिमांशु बघेल अहमदाबाद गुजरात द्वारा देवरी, जमुनिया, हरदुआ पिपरिया में दो दिवसीय विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हिमांशु सर द्वारा महिला स्वसहायता समूहों को फसलों के बीच उपचार जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करना संबंधी बातचीत की गई साथ ही रासायनिक उर्वरकों से होने वाले नुकसान को विस्तार से समझाया गया एवं रासायनिक उर्वरकों से




खेती को जो दुष्परिणाम होते हैं। वह भी विस्तार से समझाया गया चर्चा दौरान पशुपालन संबंधित गतिविधियों एवं उनसे होने वाले फायदे के विषय में बताया की किस तरीके से वह अपने आय के साधनों को दुगना कर सकते हैं। इस संपूर्ण कार्यक्रम को संचालित करने में संस्था प्रमुख स्मिता दुबे मन्नू लाल सेन एवं समस्त स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# सभी बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम की 'मन की बात'



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टीयों के कार्यकर्ताओं ने जिले के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड को सुना जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने देशवासियों से संवाद किया। इस एपिसोड में उन्होंने सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास से जुड़ी कई प्रेरणादायक कहानियों और सरकारी पहलों की चर्चा की। इस एपिसोड में उन्होंने सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास से जुड़ी कई प्रेरणादायक कहानियों और सरकारी पहलों पर भी चर्चा की। सांसद राहुल सिंह ने पथरिया विधानसभा क्षेत्र के बटियागढ़ के बूथ क्रमांक 76 घनश्यामपुरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का कार्यक्रम को सुना, इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल के साथ स्थानीय कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल,जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेन्द्र जैन, रिंकू गोस्वामी, गौरव पटेल, पवन तिवारी, ब्रजेश सिंह, जुगल अग्रवाल, विक्रम सिंह, दीपक मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

## पथरिया स्टेशन पर 21 वर्षों में सिर्फ एक ट्रेन का स्टापेज मिला तो एक का बंद भी

**पथरिया।** बीना कटनी रेल्वे लाइन के बीच पथरिया स्टेशन पर 21 वर्षों पहले तत्कालीन सांसद डां रामकृष्ण कुसमरिया के कार्यकाल में सिर्फ 2-3 ट्रेनें रही जिनका स्टापेज पथरिया में नही था वाकि सभी का स्टापेज उनके पूर्व की भांति रहा। उसके बाद करीब 12 वर्ष बाद तत्कालीन सांसद प्रहलाद सिंह पटेल के कार्यकाल में रीवा-अम्बेडकर नगर इंटरसिटी ट्रेन का स्टापेज मिला उसके बाद कोराना काल में 6 ट्रेनों का स्टापेज बंद कर दिया गया जिसे करीब 2 वर्षों बाद पुनः 5 ट्रेनों का स्टापेज बहाल कर दिया लेकिन एक ट्रेन भोपाल इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का नही दिया गया जबकि यह ट्रेन जबसे शुरुआत हुई तबसे पथरिया में स्टापेज रहा पर कोराना से बंद हुआ तो अन्य हर जगह के बहाल कर दिया पर पथरिया में नही। उसके बाद कोई भी नया स्टापेज नही मिल पा रहा है जबकि पथरिया व खुरई दोनों एक ही श्रेणी की स्टेशन है। उसके बाद खुरई में 3 ट्रेनों विंध्याचल, हीराकुंड, मां वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस का स्टापेज है लेकिन पथरिया में नही है जिससे मजबूरन यात्रियों को दमोह सागर से यात्रा करना पड़ता है। क्षेत्र जनता की क्षेत्रीय सांसद से मांग है कि पथरिया स्टेशन पर भी जिन ट्रेनों की निरंतर मांग की जा रही है उनका स्टापेज पथरिया में कराया जाए जिनमें जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस, हीराकुंड एक्सप्रेस से, मां वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस है। जिसमें दयोदय एक्सप्रेस की निरंतर 20 वर्षों से मांग है।

## मन्नू राजा बने जिला उपाध्यक्ष

**पटेरा।** जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह हजारी ने पटेरा ब्लाक के सक्रिय



मन्नू राजा (पूरन सिंह राजपूत) पूर्व अध्यक्ष को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके इस मनोनयन पर मन्नू राजा के समर्थक ने प्रसन्नता जाहिर कर जिलाध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट कर व बधाई दी है। मन्नू राजा ने कहा कि समाज के लिये सक्रियता से कार्य करेंगे।

## युवक ने जहरी पदार्थ का सेवन किया

**दमोह।** थाना पथरिया क्षेत्र के इमलिया घोना गाँव में रात्रि में 22 वर्षीय युवक नेजहरीले पदार्थ का सेवन किया। । सूचना प्राप्ति पर डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक भूपेंद्र पटेल पायलेट देवकरण की तत्परता से युवक को समय पर उपचार मिला।

# नरसिंहगढ़ का ऐतिहासिक 244वाँ उर्स मुबारक 28 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नरसिंहगढ़ में हज़रत सैयद बाबा तैयब अली शाह साहब का 244 वाँ कौमी एकता का प्रतीक उर्स मुबारक हर साल की तरह इस साल भी बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा नरसिंहगढ़ उर्स कमेटी के सचिव आसिफ़ अंजुम ने जानकारी देते हुए बताया की उर्से पाक में देश प्रदेश से हर वर्ग हर समाज के हज़ारों अक़ीदत मन्दों के साथ जन प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी हज़रात शामिल होंगे। उर्स का आगाज़ शाही सन्दल व चादर से 28 मई बुध को नया बाजार दमोह से शाम 4 बजे फातिहा के बाद शाही सन्दल व चादर शरीफ दमोह में शहर गस्त के बाद रात 11 बजे नरसिंहगढ़ में मझार शरीफ पर ग़ुस्ल के बाद सन्दल व चादर शरीफ पेश की जाएगी। दिनांक 29 मई 2025 जुमेरात को रात 9 बजे से ज़क्रि्रे हल्का शरीफ के बाद मीलाद शरीफ में मौलाना तहसीन रज़ा मौलाना बाबर रज़ा हाफ़ज़ि खलील रज़ा के अलावा मुकामी उल्मा व शौरा हज़रात तकरीर व कलाम पेश करेंगे इसके बाद महफिले सिमा होगी जिसमें अफ्फान हुसैन बारसी कब्बाल देवा शरीफ लखनऊ उत्तर प्रदेश अपने कलाम पेश करेंगे। 30 मई 2025 जुमा को रात 9 बजे से महफिले कब्बाली का शानदार आयोजन होगा। वही आज रविवार को लखन पटैल मंत्री को उर्स का दावत नामा दिया। इस अवसर पर अनीस नबाब कब्बाल अहमदाबाद गुजरात व हाजी मुकर्रम बारसी कब्बाल भोपाल मध्यप्रदेश अपने कलाम पेश करेंगें। नरसिंहगढ़ उर्स कमेटी के अध्यक्ष दाऊद सौदागर सभापति आसिफ़ अंजुम,राजू ठेकेदार,नादिर खान ठेकेदार, बट्टू भाई, कलीम ठेकेदार, सिकन्दर राइन, गुड्डू मिस्त्री, रब्बू खान,शमीम टायर आजाद राइन, अब्बू खान ,राजू खान,नफीस बाबा , गुलाम गौस, फरहान खान, आदिल राइन व अहले बाज़ार मुहल्ला ने सभी अक़ीदत मन्द हज़रात से उर्से पाक के सभी प्रोग्रामों में शिरकत की अपील की हैं।